# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

**महेंद्रगढ़-123031, (हरियाणा)**

सं.: ह.कें.विवि./रा.भा./30/218 /2022 दिनांक/Date: 13.09.2022

## परिपत्र /CIRCULAR

विषय: **विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजन।**

Sub: **Hindi Fortnight celebrations in the University.**

1. सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विश्वविद्यालय में 14.09.2022 से 29.09.2022 तक हिंदी पखवाड़ा-2022 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संबंधी समस्त विवरण इसके साथ संलग्न हैं।

It is hereby informed to all concerned that with kind approval of the competent authority Hindi Fortnight-2022 is being celebrated in the University from 14.09.2022 to 29.09.2022. Programme related complete details are enclosed herewith.

2. इस आयोजन के तहत विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी जिनमें भाग लेने के इच्छुक कर्मचारी, विद्यार्थी तथा शोधार्थी अपने नामांकन गूगल लिंक के माध्यम से **अंततः दिनांक 19.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे** तक भरें।

During these celebrations various Hindi competitions will also be held for which the interested employees, students and scholars should submit their nominations through given google link latest by **19.09.2022 upto 12:00 Noon.**

सारिका 13.9.2022

**समन्वयक/Convener**

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित-

Copy of above is forwarded to below mentioned for kind information-

1. सभी संकाय-अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं अनुभाग प्रभारी।
   All Deans, HoDs & Section incharges.
2. कुलपति के निजी सहायक (कुलपति महोदय के सूचनार्थ)
   P.A. to Vice Chancellor (for kind information of VC)
3. कुलसचिव के निजी सहायक (कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ)
   P.A. to Registrar (for kind information of Registrar)
4. सिस्टम एनालिस्ट (विश्वविद्यालय की वेबासाइट पर अपलोड करने हेतु)
   System Analyst (For uploading on University website)
5. सभी सूचना-पट्ट / All notice boards.

सारिका 13.9.2022

**समन्वयक/Convener**

# हिंदी पखवाड़ा-2022 : कार्यक्रम
## (दिनांक 14-09-2022 से 29-09-2022)

| तिथि व समय | कार्यक्रम | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| 19.09.2022<br>11:30 पूर्वाह्न | **'विज्ञान में हिंदी की संभावनाएँ'** विषय पर व्याख्यान<br>विशेषज्ञः डॉ. राहुल सिंघल<br>सह–आचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय | सम्मेलन कक्ष<br>शिक्षा पीठ |
| 20.09.2022<br>02:00अपराह्न | निबंध प्रतियोगिता<br>**(विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए)** | सम्मेलन कक्ष<br>शिक्षा पीठ |
| 20.09.2022<br>10:00पूर्वाह्न | निबंध प्रतियोगिता<br>**(विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँवों के छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए)** | सम्मेलन कक्ष<br>शिक्षा पीठ |
| 22.09.2022<br>11:00 पूर्वाह्न | **'ऑनलाइन प्रतियोगिता एवं हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता'**<br>**(विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए)** | कम्प्यूटर प्रयोंगशाला<br>शिक्षा पीठ |
| 23.09.2022<br>11:00पूर्वाह्न | **'कार्यालयीन कार्य में हिंदी'** विषय पर कार्यशाला<br>विशेषज्ञः डॉ. आनंद सोनी<br>उप कुलसचिव<br>इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | कम्प्यूटर प्रयोगशाला<br>शिक्षा पीठ |
| 29.09.2022<br>10.30 पूर्वाह्न | **'हिंदी पत्रकारिता का विस्तार एवं रोजगार की संभावना'** विषय पर सेमिनार (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहयोग से)<br>समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह | लघु सभागार<br>शैक्षणिक खंड–1 |

-oOo-

# प्रतियोगिताओं के नियम एवं शर्तें

## नियम एवं शर्तें

1. प्रत्येक प्रतियोगिता में अधिकतम तीन पुरस्कार दिए जाएँगे जो निम्नानुसार होंगे –

| | |
|---|---|
| प्रथम | रू 3100/– |
| द्वितीय | रू 2100/– |
| तृतीय | रू 2000/– |

1. विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के विद्यार्थियों के लिए **दिनांक 20 सितंबर, 2022** को आयोजित **हिंदी निबंध प्रतियोगिता** में **सरकारी विद्यालयों के कक्षा छठी से आठवीं** तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसमें प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम पाँच प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। निबंध प्रतियोगिता समयावधि अधिकतम 45 मिनट व अधिकतम 50 अंकों की होगी तथा शब्द सीमा 600 शब्दों की होगी।

2. इसी क्रम में **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए दिनांक 20 सितंबर, 2022 आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु** गूगल फॉर्म के https://forms.gle/BnX8prHjX8cL5iA48 माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता समयावधि अधिकतम 01 घंटा व अधिकतम 50 अंकों की होगी तथा शब्द सीमा 800 शब्दों की होगी।

**निबंध प्रतियोगिता का विषय आयोजन स्थल पर ही घोषित किया जाएगा। हस्तलेखन के अधिकतम 10 अंक, शुद्धलेख के लिए अधिकतम 20 अंक तथा विषय वस्तु के प्रतिपादन के लिए अधिकतम 20 अंक होंगे। निबंध प्रतियोगिता में समान अंक आने की स्थिति में निर्धारित पुरस्कार राशि समान अनुपात में वितरित की जाएगी।**

3. **विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए दिनांक 22 सितंबर, 2022 को आयोजित होने वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता एवं हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता** हेतु गूगल फॉर्म https://forms.gle/nyNVSnQ1U2SCqPx7A के माध्यम से पंजीकरण करवाया जाएगा। यह प्रतियोगिता चार खंडों में विभाजित होगी–

   i. कम्प्यूटर पर 15 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा जिसमें कार्यालयीन प्रयोग में आने वाले शब्दों का हिंदी/अंग्रेजी अनुवाद से संबंधित प्रश्न होंगे।

   ii. हिंदी टाइपिंग 15 अंक की होगी, जिसकी समयावधि 10 मिनट होगी।

   iii. हिंदी पत्र लेखन 10 अंक का होगा, जिसके लिए अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा। पत्र लेखन का विषय आयोजन स्थल पर ही प्रतिभागियों को बताया जाएगा। पत्र लेखन हेतु प्रतिभागियों को ए4 शीट उपलब्ध करवाई जाएगी।

iv. हिंदी नोटिंग लेखन 10 अंक की होगी, जिसके लिए अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा। नोटिंग लेखन का विषय आयोजन स्थल पर ही प्रतिभागियों को बताया जाएगा। नोटिंग लेखन हेतु प्रतिभागियों को नोटशीट उपलब्ध करवाई जाएगी।

नोट –

- दो प्रतिभागियों के समान अंक होने पर अधिक टाइपिंग गति वाले प्रतिभागी को वरीयता दी जाएगी।
- किसी भी प्रतियोगिता के समय में निर्णायकों/समन्वयक की अनुमति से परिवर्तन संभव है। निर्णायक(कों) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

-oOo-